कृषकों के लिए कृषि मौसम सलाहकार बुलेटिन की प्रसार सेवाएँ:

कृषि मौसम सलाहकार बुलेटिन को जमुई के 10 प्रखंड में दैनिक मौसम के आँकडें और मौसम की भविष्यवाणी जो अगले 5 दिनों के पूर्वानुमान पर आधारित होता है। उसे दैनिक समाचारपत्रों, किसान पोर्टल, वाट्सएप, एन0जी0ओ0, एस0एम0एस0, ई0टीवी0, जिला कृषि अधिकारी कार्यालय, ऑल इंडिया रेडियों, ई0मेल0 और किसान सुविधा एप के माध्यम से किसानों को भेजा जाता है।

नोट: किसान भाइयों एवं बहनों से निवेदन है कि ग्रामीण कृषि मौसम सेवा से जुड़ने के लिए अपना मोबाईल/व्हॉट्सअप नम्बर, मोबाईल नम्बर – +919835710095 पर सम्पर्क करें।

विशेष जानकारी के लिए संपर्क करें।

कृषि विज्ञान केन्द्र, जमुई
(बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना, बिहार)
संपर्क:–8292847841

प्रसार शिक्षा निदेशालय
बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय,
पटना (बिहार)
संपर्क:–9430602962

बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय
BIHAR ANIMAL SCIENCES UNIVERSITY

भाकृअनुप
ICAR

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा भारतीय कृषि सेवा का नया आयाम

अभिजीत शर्मा
विषय वस्तु विशेषज्ञ (एग्रोमेट), कृषि विज्ञान केन्द्र, जमुई

बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा भारतीय कृषि सेवा का नया आयाम

सरकार ने पायलट प्रोजेक्ट के अन्तर्गत ग्रामीण कृषि मौसम सेवा योजना की शुरुआत की है। इसके लिए भारतीय मौसम विभाग, ग्रामीण कृषि मौसम सेवा को कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से सप्ताह में दो दिन मंगलवार एवं शुक्रवार को किसानों को फसल संबधित विशिष्ट परामर्श देगी। यह परामर्श प्रखंड स्तरीय मौसम के आधार पर किसान पोर्टल, एस0एम0एस0, वाट्सएप एवं ईमेल के जरिये किसानों तक पहुचांई जायेगी। जिससे मौसम में अचानक हुए परिर्वतन से होने वाले फसल के नुकसान की संभावना को काफी हद तक कम किया जा सके। किसानो के पास मौसम से सम्बधित पूर्वानुमान कि जानकारी को और सटीक बनाने के लिए जिला स्तरीय मौसम सेवा से प्रखण्ड स्तरीय मौसम सेवा को लाया गया है।

कृषको के लिए कृषि मौसम सलाहकार बुलेटिनः

कृषि मौसम सलाहकार बुलेटिन प्रखंड, जिला तथा राज्य स्तर पर जारी किये जाते है। इसका मुख्य उद्देश्य मौसम की स्थिति के अनुसार विभिन्न कृषि प्रणालियो में अपनाए जाने वाले प्रबंधन के बारे में परामर्श देना है। मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार सिचाई, उर्वरक, कीटनाशको के छिड़काव, फफूंदनाशको, फसलों की कटाई तथा कृषि संबंधी अन्य कार्यो जैसे पशुपालन, मुर्गी पालन इत्यादि कि सलाह दी जाती है।

कृषि मौसम सलाहकार बुलेटिन की संरचनाः

कृषि मौसम सलाहकार बुलेटिन प्रखंड, जिला, राज्य, और राष्ट्रीय स्तर पर जारी किए जाते हैं। जिला स्तर के बुलेटिन ए.एम.एफ.यू. / डी. ए. एम. यू. द्वारा जारी किए जाते हैं। सेवा स्पेक्ट्रम के



विभिन्न घटकों को स्थापित करने के लिए इस परियोजना को पाँच स्तरीय संरचना के माध्यम से कार्यान्वित किया गया है। इसमें मौसम संबंधी मौसम का अवलोकन और पूर्वानुमान, कृषि (मौसम के संवेदनशील तनाव की पहचान करना और मौसम के पूर्वानुमान का उपयोग कर उपयुक्त सलाह देना) सूचना प्रसार मीडिया, सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार एजेंसियाँ और विस्तार उपयोगकर्त्ता के साथ दो तरफ से संचार शामिल है।

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा योजना का लक्ष्यः

- मौसम में अचानक परिवर्तन होने वाले फसल नुकसान की संभावना को काफी हद तक कम करना।
- फसल की अवस्था के आधार पर कृषि सलाहकार बुलेटिन तैयार करना, विभिन्न संचार माध्यमों के माध्यम से चयनित किसान/कृषक समुदायों को जानकारी देना तथा पूर्वानुमान का सत्यापन करना।
- किसान द्वारा घर बैठे ही मौसम की जानकारी प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करना।
- प्रखंड स्तर पर मौसम के पाँच दिनों के पूर्वानुमान के आधार पर सप्ताह में दो दिन मंगलवार एवं शुक्रवार को कृषि सलाह बुलेटिन जारी करना।
- किसानों के आय में वृद्धि और कृषि लागत में कमी करना।